**Regarding alleged irregularities in Public Distribution System**

**डॉ. नामदेव किरसान (गड़चिरोली-चिमुर) :** महोदया, धन्यवाद ।

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जो अनाज की खरीदी होती है, मेरे संसदीय क्षेत्र गड़चिरोली-चिमुर में धान यानी चावल ज्यादा पैमाने पर उगाया जाता है ।? (व्यवधान) इसकी समर्थन मूल्य पर जो खरीदी होती है, वह खरीदी सोसायटी के माध्यम से होती है ।? (व्यवधान) राइस मिलर्स को मिलिंग के लिए वह धान दिया जाता है ताकि वे चावल बनाएँ और एफसीआई के गोडाउन को सप्लाई करें ।? (व्यवधान) ये राइस मिलर्स इसमें बहुत बड़ा घोटाला करते हैं । वे जो चावल बनाते हैं, जो न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जाता है, उससे जो चावल निकलता है, वे उसे बाहर मार्केट में बेचते हैं और निम्नतम क्वालिटी का जो सड़ा हुआ अनाज है, उसे बाहर से लाकर उसे एफसीआई के गोडाउन को सप्लाई करते हैं । वही अनाज या चावल फिर पीडीएस सिस्टम के माध्यम से, राशन की दुकानों से लोगों को दिया जाता है । मैं कहना चाहता हूँ कि जो राइस मिलर्स इस तरह का घोटाला करते हैं, उनके ऊपर पाबंदी लगायी जाए । उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए । उनकी इंक्वायरी की जाए, मैं यह माँग करता हूँ ।? (व्यवधान)